हरिभूमि

हिसार-हांसी भूमि

रोहतक, बुधवार 7 अक्टूबर 2026

12 सेक्टर-33 की 15 समस्याएं लंबित, 8 को धरने का ऐलान



12 हरियाणा जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हिसार ने जीते 37 पदक



खबर संक्षेप

टाउन पार्क में सेवा ज्योति यात्रा आज

हिसार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, सुशासन और समर्पण काल को समर्पित सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को ताऊ देवीलाल टाउन पार्क में विकसित भारत संकल्प सभा एवं सेवा ज्योति यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। सुबह 9 बजे से आरंभ होने वाले इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में हरियाणा सरकार के लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे और सभा को संबोधित करेंगे।

सरकारी अस्पताल का निरीक्षण कर लिया जायजा

नारनौंद। भाजपा के जिला अध्यक्ष अशोक सैनी ने मंगलवार को शहर के सरकारी अस्पताल में निरीक्षण कर सुविधाओं का जायजा लिया ताकि यहां पर किसी भी मरीज को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि सरकार की तरफ से अनेक ऐसी योजनाएं चलाई जा रही है जिससे कि लोगों को आर्थिक सहायता प्राप्त हो वही लोगों को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में काफी सुविधा दी जा रही है। इस अवसर पर जिला महामंत्री बिजेंद्र लोहान, सुनील पनिहार, डाक्टर भुवनेश, मंडल प्रधान करणपाल पेटवाड़, पार्षद सुनील बैरागी, महावीर श्योरान आदि मौजूद थे।

जागरूक महिलाएं समाज को दे सकती हैं नई दिशा

नारनौंद। महिलाएं जागरूक होकर समाज में नई चेतना पैदा कर सकती हैं। महिलाएं हर क्षेत्र में आज अग्रणी होकर काम कर रही है। यह बात सेवा संकल्प अभियान के तहत गांव कापड़ों में आंगनवाड़ी सुपरवाइजर सुनीता दुहन ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर उन्होंने महिलाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत सर्कल के अलग-अलग गांव कापड़ो, खेड़ी, गैबीनगर में पोषण माह, आंगन मिलन समारोह आयोजित करके ग्रामीण महिलाओं को जागरूक करने का काम किया है।

सेवा ज्योति यात्रा में पहुंचने का आह्वान

उकलाना। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मंगलवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता श्रीनिवास गोयल के कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व मंत्री अनूप धानक, नगर पालिका उकलाना के वाइस चेयरमैन हरीश गर्ग सहित नगर पालिका के पार्षद एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। बैठक में नगर पालिका क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। क्षेत्र के विकास को और गति देने तथा जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

पुलिस टीमों ने सीसीटीवी व तकनीकी साक्ष्यों से आरोपी दबोचे, दो रिमांड पर

कैमरी रोड हत्याकांड में तीन गिरफ्तार आरोपियों पर 15 से अधिक मुकदमे दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

कैमरी रोड स्थित बॉक्स क्रिकेट ग्राउंड में शराब ठेकेदार नरेश की हत्या के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वारदात में शामिल तीन आरोपियों सुनील पंडित, अमित निवासी रावतखेड़ा और अमित निवासी कालवास को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को अदालत में पेश किया, जहां सुनील को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया, जबकि शेष दोनों आरोपियों को दो दिन के रिमांड पर भेजा गया है। रिमांड अवधि के दौरान पुलिस अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी और हथियार बरामद करेगी।



आरोपियों को पकड़ने में लगी थी चार टीमें

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के निर्देश पर चार विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया था। टीमों ने घटनास्थल और आसपास के क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाले तथा तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण करने के साथ अन्य महत्वपूर्ण तथ्यों को जुटाया। इसके आधार पर पुलिस ने लगातार दबिश देकर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। प्रवक्ता के अनुसार गोली कांड के इस मामले में घायल हुए धर्मबीर का उपचार चल रहा है। उसी के बयान पर हत्या व अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। प्रारंभिक जांच में वारदात के पीछे पुरानी रंजिश से जुड़ा विवाद सामने आया है।

क्रिकेट मैच के बाद हुआ था हमला

वारदात से करीब 20 से 25 मिनट पहले इसी ग्राउंड पर क्रिकेट मैच हुआ था। मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह में आजाद नगर थाना प्रभारी मनदीप कुमार ने भी हिस्सा लिया था। नरेश ने उनके साथ फोटो भी खिंचवाई थी। इसके कुछ ही देर बाद बदमाशों ने ग्राउंड में फायरिंग कर दी। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया है कि यह पुलिस टीम का मैच नहीं था, बल्कि वह व्यक्तिगत रूप से मैच खेलने पहुंचे थे।

गवाही से किन लोगों को खतरा, पुलिस खंगाल रही

धर्मबीर ने पुलिस को दिए बयान में दावा किया है कि वर्ष 2022 में उसके साथी संदीप उर्फ सेठी की हत्या हुई थी। इस मामले में नरेश और वह खुद चश्मदीद गवाह थे। धर्मबीर का आरोप है कि उनकी गवाही से आरोपितों को खतरा था और इसी रंजिश के चलते रविवार रात दोनों पर ताबड़तोड़ फायरिंग की गई। हमले में नरेश की मौत हो गई, जबकि धर्मबीर भी तीन गोलियां लगने से घायल है। पुलिस अब 2022 के हत्या मामले से जुड़े पहलुओं को भी खंगाल रही है और यह पता लगाने में जुटी है कि नरेश और धर्मबीर की गवाही से किन लोगों को खतरा था। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपियों वारदात का अंजाम देने से पहले रेकी की थी।

15 से 16 राउंड हुई थी फायरिंग

मामले के अनुसार रविवार रात क्रिकेट ग्राउंड में बाइक पर आए तीन नकाबपोश बदमाशों ने नरेश और धर्मबीर पर गोलियां बरसाई थीं। नरेश के माथे, सीने और हाथ में गोली लगी थी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। धर्मबीर जान बचाने के लिए भागा, लेकिन बदमाशों ने उसे भी निशाना बनाया और तीन गोलियां लगने से वह घायल होकर गिर गया। पुलिस के अनुसार मौके से 15 से 16 राउंड फायरिंग के साक्ष्य और जिंदा रौंद बरामद हुए थे।

खरड़ अलीपुर में युवक पर जानलेवा हमला, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

- पुरानी रंजिश में लोहे की रॉड व डंडे से हमला करने का आरोप
- नाबालिग भी पुलिस अभिरक्षा में, हॉकी व मोटरसाइकिल बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

खरड़ अलीपुर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर किए गए जानलेवा हमले के मामले में सीआईए मिल गेट पुलिस ने मुख्य आरोपी प्रिंस सहित एक नाबालिग को काबू किया है। दोनों को आगामी कार्रवाई के लिए सदर थाना पुलिस के हवाले किया गया। सदर थाना पुलिस ने आरोपी प्रिंस के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त लकड़ी की हॉकी और स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की है। मामला गत 21 सितंबर का है। उस दिन सिविल अस्पताल से पुलिस को सूचना मिली थी कि खरड़ अलीपुर निवासी पंकज लड़ाई-झगड़े में गंभीर रूप से घायल होकर अस्पताल में दाखिल हुआ है। चोटों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिंदल अस्पताल हिसार रेफर किया गया था। घायल के चचेरे भाई नोनू के बयानों के आधार पर थाना सदर हिसार में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। शिकायत के अनुसार, पुरानी रंजिश और कहासुनी को लेकर आरोपियों ने पंकज पर लोहे की रॉड और डंडे से हमला किया। आरोप है कि मारपीट के दौरान उसे वाहन से नीचे गिराया गया तथा जान से मारने की नीयत से उसके ऊपर वाहन चढ़ाने का प्रयास भी किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीआईए मिल गेट की टीम ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी प्रिंस और एक किशोर को काबू कर लिया। दोनों को थाना सदर पुलिस के हवाले किया गया।

कार्यालय का ताला तोड़कर लैपटॉप चोरी

हिसार। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सेक्टर-15 में कार्यालय/मकान का ताला तोड़कर लैपटॉप चोरी करने के मामले में सिविल लाइन पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

- सिविल लाइन पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान तीनों को पकड़ा

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरीशुदा काले रंग का डेल लैपटॉप और स्लेटी रंग का बैग बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी संजय कुमार ने शिकायत दी थी कि 4-5 अक्टूबर की रात चोरों ने उनके कार्यालय/मकान का ताला तोड़कर अंदर रखा डेल कंपनी का लैपटॉप चोरी कर लिया। शिकायत के आधार पर सिविल लाइन थाना में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।मामले की जांच करते हुए एएसआई रवेंद्र कुमार की टीम ने नाकाबंदी और चेकिंग के दौरान संदिग्ध अवस्था में घूम रहे तीन युवकों को काबू किया। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की वारदात को अंजाम देने की बात कबूल की। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बुधराम, विपिन कुमार और दीपक के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरीशुदा डेल लैपटॉप और स्लेटी रंग का बैग बरामद कर लिया।

नगर निगम में संयुक्त आयुक्त नियुक्त हुए कुलभूषण बंसल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा सरकार ने प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 2019 बैच के एचसीएस अधिकारी कुलभूषण बंसल को हिसार नगर निगम में संयुक्त आयुक्त नियुक्त किया है। बंसल वर्तमान में नियुक्ति आदेशों की प्रतीक्षा कर रहे थे। राज्य सरकार ने उनकी नियुक्ति के आदेश तत्काल प्रभाव से जारी किए हैं। कुलभूषण बंसल इससे पहले हांसी के एसडीएम रह चुके हैं। करीब एक साल पहले वह एक चर्चित यौन शोषण मामले में कोर्ट से बरी हुए थे। यह मामला वर्ष 2024 में सामने आया था। उस समय हांसी के तत्कालीन एसडीएम कुलभूषण बंसल पर ग्रुप-डी के अनुसूचित जाति श्रेणी के एक सफाईकर्मी ने गंभीर आरोप लगाए थे। वीडियो और शिकायतकर्ता के बयान के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कुलभूषण बंसल को गिरफ्तार किया था। इसके बाद सरकार ने 7 नवंबर 2024 को उन्हें सस्पेंड कर दिया था। सस्पेंशन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय मुख्य सचिव कार्यालय, चंडीगढ़ निर्धारित किया गया था।



विशेष चेकिंग अभियान में 2.15 लाख रुपये का जुर्माना

सीएम फ्लाइंग ने ओवरलोड वाहनों पर अलसुबह की कार्रवाई, पांच के चालान काटे, तीन जब्त

- दस्तावेजों से लेकर वाहनों के वजन तक की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

ओवरलोड और नियमों का उल्लंघन कर सड़कों पर दौड़ रहे वाहनों के खिलाफ सीएम फ्लाइंग ने मंगलवार अलसुबह विशेष चेकिंग अभियान चलाया। हिसार क्षेत्र के विभिन्न प्रमुख मार्गों पर चलाए गए अभियान के दौरान टीम ने वाहनों के दस्तावेजों और लदे माल की जांच की। नियमों का उल्लंघन मिलने पर पांच वाहनों के चालान किए गए, जबकि तीन वाहनों को इम्पाउंड कर दिया गया। चालानों के रूप में कुल 2 लाख 15 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। विशेष अभियान का नेतृत्व सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना ने किया। उनके साथ क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण के यातायात निरीक्षक हरविंदर सिंह, एएसआई सुरेंद्र तथा हेड कांस्टेबल जितेंद और विजय भी मौजूद रहे। शिकायतों के बाद अलसुबह सड़कों पर उतरी टीम।



हिसार। मौके पर उपस्थित सीएम फ्लाइंग टीम।

काफी समय से मिल रही थी शिकायतें

सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना ने बताया कि टीम को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ वाहन चालक ओवरलोड वाहन चलाकर सड़क सुरक्षा को खतरे में डाल रहे हैं। इसके अलावा टैक्स चोरी, वैध बीमा और प्रदूषण प्रमाण-पत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों के बिना वाहन संचालन की भी शिकायतें मिल रही थीं। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मंगलवार सुबह विभिन्न प्रमुख मार्गों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया।

ओवरलोड वाहन हादसे का बन सकते हैं कारण

सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना ने कहा कि प्रदेश सरकार के स्पष्ट निर्देश हैं कि किसी भी स्थिति में ओवरलोड वाहनों को सड़कों पर नहीं चलने दिया जाएगा। ओवरलोड वाहन सड़क दुर्घटनाओं का बड़ा कारण बनते हैं और इनके कारण जान-माल का भारी नुकसान हो सकता है। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे समय पर टैक्स जमा करवाएं और सभी आवश्यक दस्तावेज अपने साथ रखें।

जीजेयू में 'रिसर्च स्कॉलर एसो.' के बीच वार्ता बेनतीजा, धरना जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में शोधार्थियों की विभिन्न मांगों को लेकर 'रिसर्च स्कॉलर एसोसिएशन' का अनिश्चितकालीन धरना मंगलवार को भी जारी रहा। आंदोलन के दौरान विश्वविद्यालय प्रशासन और शोधार्थियों के बीच प्रथम दौर की वार्ता हुई, लेकिन बहस के बीच यह बेनतीजा समाप्त हो गई।

फेलोशिप प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने की मांग

शोधार्थी संजू बौद्ध लगातार दूसरे दिन भूख हड़ताल पर बैठे रहे, जबकि प्रदीप यादव ने सांकेतिक हड़ताल में भाग लिया। शोधार्थियों ने 2022 से 2025 तक की बकाया फेलोशिप तुरंत जारी करने और फेलोशिप प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने की मांग की गई। इसके अलावा 2020 के प्रॉस्पेक्टस के अनुसार फीस लागू करने और अतिरिक्त शुल्क समाप्त करने का मुद्दा उठाया। शोधार्थियों को टर्निटिन/प्लेजरिज्म चेकिंग आईडी और सुविधाएं देने की मांग की ताकि वे स्वयं जांच कर सकें। प्रशासनिक-अकादमिक कार्यों के शीघ्र निपटारे और नियमित संवाद की मांग की गई। एसोसिएशन के अध्यक्ष सोनू कुमार ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने जल्द ठोस समाधान नहीं निकाला, तो आंदोलन को अन्य छात्र संगठनों के सहयोग से व्यापक रूप दिया जाएगा और मांगें पूरी होने तक धरना जारी रहेगा।

कांस्टेबल की मौत के मामले में एएसआई को जेल भेजा

नारनौंद। दिल्ली पुलिस के कांस्टेबल अमरजीत की गोली लगने के कारण मौत होने मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपित हरियाणा पुलिस में एएसआई सुरेंद्र को तीन दिन के रिमांड के बाद मंगलवार को अदालत में पेश किया, जहां उसे जेल भेज दिया गया। बता दें कि गांव सिंघवा खास में 23 सितंबर को जलवा पूजन के कार्यक्रम दौरान दिल्ली पुलिस के कांस्टेबल अमरजीत की मौत हो गई थी। पुलिस ने सिंघवा खास निवासी हरियाणा पुलिस में तैनात एएसआई सुरेंद्र को तीन के पुलिस रिमांड पर लिया था। इस दौरान वारदात में प्रयोग की गई डोगा बंदूक सहित पांच कारतूस और कार को बरामद किया गया।

ट्रांसफर नीति के विरोध में नर्सिंग अधिकारियों ने की सांकेतिक हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

मॉडल ऑनलाइन ट्रांसफर नीति के विरोध में नर्सिंग अधिकारियों ने तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल शुरू कर दी है। इन्होंने सरकार को चेताते हुए कहा कि अगर हमारी मांग पूरी नहीं हुई तो हम बड़ा आंदोलन करने के लिए मजबूर होगी। जिसकी जिम्मेवार सरकार होगी। नर्सिंग अधिकारी गीता, सुनीता, सुरेश देवी, रेनू आदि ने बताया कि सरकार एक तरफ तो बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा दे रही है वहीं दूसरी तरफ सरकार बेटियों को परेशान करने में लगी हुई है। सभी नर्सिंग अधिकारी ऑनलाइन ट्रांसफर नीति का विरोध कर रही है क्योंकि अगर उनकी ऑनलाइन बदली हुई तो उन्हें दूर दूसरे शहरों में जाना पड़ेगा। इससे उन्हें काफी परेशानी होगी क्योंकि एक महिला के पीछे उसका परिवार और बच्चे भी होते हैं। जैसे ही हमारी ट्रांसफर होगी तो पूरा घर बदल जाएगा। हमारे छोटे-छोटे बच्चे स्कूलों में जा रहे हैं उनका क्या होगा।



नारनौंद। सरकारी अस्पताल में हड़ताल पर बैठी हुई नर्सिंग अधिकारी।

गोल्ड पदक विजेता हॉकी खिलाड़ी सविता पूनिया और दीपिका का जोरदार स्वागत

- हॉकी ग्राउंड पर फूल-मालाओं से हुआ सम्मान, जीप में बैठाकर निकाला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

भारतीय महिला हॉकी टीम की ऐतिहासिक स्वर्णिम जीत में अहम भूमिका निभाने वाली हिसार की स्टार खिलाड़ी सविता पूनिया व दीपिका का मंगलवार को हॉकी मैदान में जोरदार स्वागत किया गया। दोनों खिलाड़ी इसी मैदान पर लंबे समय तक अभ्यास कर चुकी हैं। उनकी शानदार उपलब्धि के बाद मैदान पर पहुंचते ही साथी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और खेल प्रेमियों ने फूल-मालाओं से स्वागत कर उन्हें बधाई दी। पूर्व राज्यसभा सदस्य लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. डीपी वत्स, हॉकी कोच आजाद सिंह मलिक सहित बड़ी संख्या में हॉकी खिलाड़ी और खेल प्रेमी इस मौके पर मौजूद रहे।



हिसार। दोनों खिलाड़ियों का स्वागत करते प्रशंसक।

सरकार खिलाड़ियों को दे रही सुविधाएं

दोनों खिलाड़ियों को जीप पर बैठाकर सम्मानित किया गया और उनके सम्मान में मैदान तक जुलूस निकाला गया। इस दौरान पूरा मैदान भारत माता की जय और खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के नारों से गूंज उठा। गोलकीपर सविता पूनिया ने कहा एशियन गेम्स में भारत पहले भी पदक जीत चुका है, लेकिन महिला हॉकी टीम ने लंबे अंतराल के बाद स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से खिलाड़ियों को सुविधाएं दी जा रही हैं। अभिभावकों को चाहिए कि वे बच्चों को खेलों से जोड़ें और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर दें। दीपिका ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच आजाद मलिक को दिया। उन्होंने कहा कि हिसार के खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों ने जिस तरह उनका स्वागत किया, उससे उनका हौसला और बढ़ा है। कोच आजाद मलिक ने कहा कि दोनों खिलाड़ियों की जीत से खिलाड़ियों और उनके परिवारों में खुशी का माहौल है। दोनों ने इसी मैदान पर कड़ी मेहनत की है। उन्होंने उम्मीद जताई कि श्वेता और दीपिका आगामी ओलंपिक में भी देश का नाम रोशन करेंगी।

जर्जर मकान की मदद मांगने पहुंचे चिराग की परेशानी सुन एसडीएम ने दिलाई साइकिल

पिता की बीमारी के बीच पढ़ाई, एसडीएम ने थामा चिराग का हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

जर्जर मकान की मरम्मत के लिए सरकारी मदद की उम्मीद लेकर एसडीएम कार्यालय पहुंचा गांव सैनीपुरा का चिराग मंगलवार को एक ऐसी मदद लेकर लौटा, जिसकी उसे शायद उम्मीद भी नहीं थी। पिता के लकवे की बीमारी के कारण पढ़ाई के साथ काम करने को मजबूर चिराग के पास आने-जाने का कोई साधन नहीं था। वह काम और कॉलेज के लिए रोजाना पैदल ही सफर करता था। एसडीएम राजेश खोथ ने उसकी यह परेशानी सुनी तो मकान की समस्या के साथ उसके संघर्ष को भी समझा और तत्काल उसकी मदद का फैसला लिया।

चिराग दूरस्थ माध्यम से पढ़ाई कर रहा है। पिता की बीमारी के चलते परिवार की जिम्मेदारियों में हाथ बंटाने के लिए उसे पढ़ाई के साथ काम करना पड़ता है। काम और कॉलेज तक पहुंचने के लिए पैदल चलना उसकी मजबूरी थी। एसडीएम राजेश खोथ ने बातचीत के दौरान जब उसकी दिनचर्या और पढ़ाई के बारे में पूछा तो चिराग ने अपनी यह परेशानी साझा की।

चिराग की स्थिति जानने के बाद एसडीएम ने कहा कि पढ़ाई और काम दोनों जारी रखने के लिए उसके पास आने-जाने का साधन होना जरूरी है। उन्होंने अपनी ओर से चिराग को साइकिल देने की बात कही। साथ ही हांसी हेल्प ग्रुप के माध्यम से भी उसकी मदद करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने बीडीपीओ अशोक मेहरा को भी चिराग की सहायता के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।



हांसी। युवक चिराग को साइकिल गिफ्ट करते एसडीएम राजेश खोथ।

साइकिल पाकर भावुक हुआ संघर्षरत चिराग

इसके बाद एसडीएम ने साइकिल निर्माता कमलेश गर्ग से संपर्क किया और उसी समय साइकिल मंगवाकर चिराग को भेंट कर दी। साइकिल हाथ में आते ही चिराग भावुक हो गया। उसने एसडीएम के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। एसडीएम ने भी उसे आगे मन लगाकर पढ़ाई करने और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। चिराग के लिए यह केवल साइकिल मिलने की बात नहीं थी, बल्कि रोजाना के उस संघर्ष में सहारा था, जिसमें वह पिता की बीमारी के बीच परिवार की जिम्मेदारी निभाते हुए अपनी पढ़ाई जारी रखने की कोशिश कर रहा था। मौके पर मौजूद एसडीएम कार्यालय के स्टाफ और अन्य लोगों ने भी इस पहल की सराहना की।



रजनीकांत की जेलर 2 में ऋतिक का होगा कैमियो

नई दिल्ली। जेलर 2 के ट्रेलर को लेकर सुर्खियां इस वजह से भी तेज हैं, क्योंकि इसमें एक बॉलीवुड सुपरस्टार के कैमियो की सीक्रेट झलक देखने को मिली है। फिल्मी सितारों का मूवीज में कैमियो करने का चलन सिनेमा जगत में लंबे अरसे से चला रहा है। अब इस मामले में नया नाम वॉर फिल्म अभिनेता ऋतिक रोशन का शामिल हो रहा है। जी हां ऋतिक ही वह बॉलीवुड सुपरस्टार हैं, जो रजनीकांत की अपकमिंग मूवी जेलर 2 में कैमियो रोल प्ले करते दिखेंगे। जेलर 2 के ट्रेलर में ऋतिक की बैक साइड से हल्की सी झलक देखने को मिली है। लेकिन उनकी कद-काठी और स्टाइल को देखकर ये साफ पता चल रहा है कि वह ऋतिक हैं।

लाइफ Style

तमन्ना

बार-बार सर्च करती हैं अपना नाम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फिल्म इंडस्ट्री में मात्र 15 साल की कम उम्र से अपने अभिनय सफर की शुरुआत करने वाली लोकप्रिय अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने अपने अब तक के लंबे करियर में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। वर्ष 2005 की अपनी शुरुआती तस्वीरों से लेकर आज तक की इस पूरी विकास यात्रा को वह अपनी फिल्मों में जीवंत रूप से दर्ज होते हुए देखती हैं।

इस दौरान उन्हें इस बात का थोड़ा अफसोस भी है कि व्यस्त दिनचर्या के कारण उन्होंने कभी खुद के लिए पर्याप्त वक्त नहीं निकाला। एक विशेष साक्षात्कार में तमन्ना ने अपने इसी सिनेमैटिक सफर के कई अनछुए और दिलचस्प पहलू साझा किए। साक्षात्कार में जब यह सवाल पूछा गया कि क्या वह इंटरनेट पर खुद के बारे में सर्च (गूगल) करती हैं, तो उन्होंने बिना झिझक के स्वीकार किया, 'हर समय। मैं पूरे दिन खुद के बारे में गूगल करती रहती हूँ। मैं यह देखना और जानना चाहती हूँ कि लोग मेरे बारे में क्या बात कर रहे हैं। कभी-कभी सर्च करते वक्त बहुत ही मजेदार और फनी चीजें भी देखने को मिल जाती हैं।' इंटरनेट पर अपने बारे में लिखी जाने वाली बातों का जिक्र करते हुए वह निष्कर्ष देती हैं, 'कभी-कभी ऑनलाइन इतनी बेहतरीन और शानदार स्क्रिप्ट्स या समीक्षाएं पढ़ने को मिलती हैं, जिन्हें देखकर मन में आता है कि काश हमारी फिल्मों के लिए भी कोई ऐसे ही कमाल के लेखक दो-तीन अच्छी लाइनें लिख दें। लेकिन हाँ, यह सच है कि मैं हमेशा अपना नाम गूगल पर चेक करती रहती हूं।' अपने इस लंबे और व्यस्त कॅरियर को पीछे मुड़कर देखने पर अभिनेत्री को सबसे बड़ा मलाल खुद के लिए समय न निकाल पाने का है।



हॉलीवुड मसाला



द बैटमैन पार्ट-2 की शूटिंग ठप

लॉस एंजिल्स। निर्देशक मैट रीव्स की परिवारिक कारणों की वजह से फिल्म 'द बैटमैन पार्ट 2' की शूटिंग रोक दी गई है। इसकी जानकारी मेकर्स ने हाल ही में फैंस के साथ साझा की। फिल्म 'द बैटमैन पार्ट 2' की शूटिंग कुछ दिनों से लंदन में चल रही थी। मगर अब इसे रोक दिया गया है। फिल्म के निर्माता वार्नर ब्रदर्स और डीसी स्टूडियोज ने सोमवार को इसकी पुष्टि की जिससे इस सीक्वल को लेकर एक और नया मोड़ आ गया है, जिसकी रिलीज डेट पहले ही कई बार आगे बढ़ाई जा चुकी है।





नई नवेली का दूसरा गाना

फटा पटाखा रिलीज

मुंबई। यामी गौतम की अपकमिंग फिल्म 'नई नवेली' का नया और दूसरा गाना 'फटा पटाखा' रिलीज हो चुका है। इससे पहले इसी फिल्म से 'भाभी तबाही' सॉन्ग रिलीज किया गया था। यामी गौतम धर की ये फिल्म 'दशहरा' पर रिलीज हो रही है। अब 6 अक्टूबर को फिल्म का ये नया गाना 'फटा पटाखा' रिलीज किया गया है जिसमें बहुत सारी मस्ती, मिस्ट्री के साथ बहुत सारा एंटरटेनमेंट का मसाला भी है। कहा जा रहा है कि फिल्म में लीड रोल में नजर आने वाली यामी गौतम धर पहली बार इस तरह के रोल में दिख रही हैं, जो इससे पहले उन्होंने कभी नहीं निभाया है। मेकर्स के मुताबिक उनकी इस फिल्म की कहानी इंडियन फैंटेसी फैमिली-एंटरटेनर की दुनिया को जिंदा करती है। 'फटा पटाखा' गाने की काफी लोगों ने तारीफ की है।



15 साल बाद एक साथ

करीना-शाहरुख

नई दिल्ली। एक्ट्रेस करीना कपूर खान करीब 15 साल बाद शाह रुख खान के साथ फिर से स्क्रीन स्पेस शेयर करती नजर आएंगी। खबर है कि एक्ट्रेस शाह रुख की आने वाली एक्शन-एंटरटेनर फिल्म 'किंग' में एक स्पेशल अपीयरेंस देंगी। करीना 'डैडी कूल' नाम के गाने में सुपरस्टार के साथ नजर आएंगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, करीना इस महीने के आखिर में साउथ अफ्रीका में शाह रुख के साथ इस स्पेशल गाने की शूटिंग करेंगी। बताया जा रहा है कि उन्होंने शूटिंग के लिए पांच दिन दिए हैं, और इसे बहुत बड़े पैमाने पर शूट करने की प्लानिंग है। 'डैडी कूल को एक बहुत ही खास गाने के तौर पर तैयार किया जा रहा है और इसमें शाह रुख और करीना को ऐसे अंदाज में साथ लाया जाएगा जैसा दर्शकों ने पहले कभी नहीं देखा होगा।

अवेंजर्स डूम्सडे का नया पोस्टर मचा रहा खलबली

नई दिल्ली। 4600 करोड़ के बजट वाली फिल्म के खतरनाक विलेन का हैरतअंगज लुक रिलीज हो गया है। इस सुपरविलेन से लड़ने का काम 23 से ज्यादा सुपरहीरो करेंगे। हम बात कर रहे हैं अवेंजर्स डूम्सडे मूवी की. मलागा के कॉमिक-कॉन में अवेंजर्स डूम्सडे के डॉक्टर डूम और उनके दो साथियों का नया पोस्टर रिलीज किया गया है। इस पोस्टर को रिलीज करते हुए मार्वल स्टूडियोज ने इंस्टाग्राम पर लिखा है, 'सीधा मलागा कॉमिक कॉन से. चुड़ैलों का सीजन आ गया है। 18 दिसंबर 2026 को दुनियाभर के थिएटर्स में आ रही है अवेंजर्स डूम्सडे.' इस पोस्टर में डॉक्टर डूम के साथ उनकी बाकी साथी भी नजर आ रही हैं। अवेंजर्स डूम्सडे 18 दिसंबर को अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलुगु में भारतीय सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

टीवी मसाला



सारा और बिग बी के बीच हुई शेरों शायरी की जुगलबंदी

नई दिल्ली। आयुष्मान खुराना और सारा अली खान जल्द ही फिल्म 'उड़ता तीर' में नजर आएंगे। दोनों सितारे इस स्पाई कॉमेडी फिल्म का प्रमोशन करने अमिताभ बच्चन के क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति 18' में पहुंचे। इस दौरान अमिताभ बच्चन ने आयुष्मान की खूब तारीफ की। वहीं, सारा अली खान और बिग बी के बीच शेरों शायरी की जुगलबंदी देखने को मिली। बिग बी ने फिल्म 'गुलाबो सिताबो' में आयुष्मान खुराना के साथ काम करने का किस्सा शेयर किया। आयुष्मान की तारीफ में अमिताभ बच्चन ने कहा, 'हमने इनके साथ एक फिल्म की थी 'गुलाबो सिताबो'। बहुत ही तैयारी करके ये आते थे। हमको लाइन याद करने में तकलीफ होती थी। एक तो हमें बूढ़ा बना दिया। डायरेक्टर ने कहा कि पूरी पिक्चर में आपको झुककर चलना है तो वैसे ही हम अपनी लाइन भूल रहे थे। मगर, इनमें इतना धैर्य था कि 'चलो यार बुढ़ऊ है, थोड़ा समय दे देते हैं। इनकी तरफ से कहीं भी गलती नहीं देखिएगा, इतना सुंदर अभिनय था इनका'। बिग बी से अपने लिए तारीफ के ये शब्द सुनकर आयुष्मान खुराना मुस्कुराने लगे और शुक्रिया की मुद्रा में हाथ जोड़ने लगे। इसके बाद आयुष्मान खुराना ने अमिताभ बच्चन और सारा अली खान के बीच शेरों-शायरी की महफिल सजवाई। दरअसल, एक्टर ने अमिताभ बच्चन से कहा, 'आपकी लेगेसी है, जहां से आप आए हैं। आप हरिवंश राय बच्चन जी के सुपुत्र हैं। महान कवि थे वे।

सुसाइड की कोशिश में कलाई की नस काट ली थी

नई दिल्ली। रियलिटी शो राइज एंड फॉल शो के दौरान भोजपुरी एक्ट्रेस काजल राघवानी ने अपनी लाइफ के एक डिफिकल्ट टाइम के बारे में बात की, उन्होंने बताया कि एक समय पर वो इतनी ज्यादा परेशान हो गई थीं कि उन्होंने अपनी जान लेने की कोशिश की थी। दरअसल, शो के दौरान कंटेस्टेंट निहारिका तिवारी ने काजल के हाथ पर कलाई कटने का निशान देखा और उसके बारे में पूछा। तब काजल ने बताया, 'मैंने सुसाइड करते समय अपने हाथ की कलाई की नस काटी थी।' काजल राघवानी की इस बात ने वहां मौजूद सभी कंटेस्टेंट को चौंका दिया। वहीं, काजल की बात सुनते ही मनीष कश्यप उनसे कहते हैं, 'मैं इंजेक्शन से डरता हूं, यहां लड़कियां हाथ काट लेती हैं। आप लोगों को इतनी हिम्मत आ कहां से रही है। शिद्दत से प्यार करिए लेकिन अगर कोई भूल रहा है, तो उसे भूल जाओ।' हालांकि, काजल ने साफ किया कि ऐसा उन्होंने किसी के छोड़ जाने या प्यार में नहीं किया था बल्कि अपने लिए किया था।



साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म 'तू है मेरी किरण' का ट्रेलर जारी

मुंबई। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल जल्द ही फिल्म 'तू है मेरी किरण' में नजर आएंगे। मंगलवार को फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ है। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल जल्द ही पर्दे पर साथ काम करने नजर आएंगे। फिल्म का नाम है- 'तू है मेरी किरण'। यह एक रोमांटिक-साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है। जहीर इकबाल एक जुनूनी आशिक के रोल में नजर आए हैं। फिल्म का ट्रेलर जारी हो चुका है। फिल्म 'तू है मेरी किरण' का ट्रेलर सस्पेंस और थ्रिल से भरा है। कहानी प्यार-मोहब्बत वाली है, मगर यह प्यार एकतरफा है। एक तरफा प्यार, दूसरे के लिए आफत बनता है। कुछ ऐसा ही इस ट्रेलर में देखने को मिला है। जहीर इकबार सनकी आशिक के रोल में हैं। सोनाक्षी सिन्हा को वो इस कदर परेशान कर देते हैं कि वह अकेले छोड़ देने की गुजारिश करती हैं। ट्रेलर में जहीर इकबाल सोनाक्षी से कहते हैं, 'तुम जैसी लड़की के लिए मुझ जैसे लड़के के लिए प्यार करना बहुत मुश्किल है'। दोनों में जान-पहचान होती है। बातें होती हैं। एक दिन जहीर का किरदार प्रपोज कर देता है और कहता है, 'आई लव यू किरण'। सोनाक्षी का किरदार चौंकता है और हद



में रहने को कहता है। जहीर का जवाब होता है, 'अगर यह एकतरफा प्यार हुआ तो दिल टूट जाएगा मेरा। तुम्हें भी मुझसे प्यार करना होगा किरण'। जुनूनी आशिक से तंग आकर सोनाक्षी कहती हैं, 'तुम्हें जो चाहिए, सब ले लो। मुझे अकेला छोड़ दो प्लीज'। किरण के साथ बहुत अजीब-अजीब घटनाएं घटती हैं। ट्रेलर में कुछ सस्पेंस भी है। हालांकि, इसका राज नहीं खुला है। क्या सस्पेंस है, यह फिल्म देखकर ही पता चलेगा। मगर, ट्रेलर काफी दिलचस्प है। यह फिल्म 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिलहाल ट्रेलर पर दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया आ रही है।

राजू ने याद किए बुरे दिन, चैनल बंद होने से डूब गए थे सारे पैसे, नहीं था कोई सहारा

नई दिल्ली। अभिनेता- निर्देशक राजू खेर ने सिद्धार्थ कनन से बातचीत में अपने पुराने वक्त को याद करते हुए कहा, 'एक समय था जब मैं बुरे दौर से गुजर रहा था। मैंने अपना घर बेच दिया था क्योंकि एक नया चैनल आने वाला था, इसलिए मैंने कहीं और एक फ्लैट खरीद लिया था। नया चैनल लॉन्च होने वाला था और कई लोग पायलट प्रोजेक्ट बना रहे थे, समझौते भी हो चुके थे। मैंने भी 'लाइफ के लिए कुछ भी करेगा' नाम का एक कार्यक्रम बनाया था। अचानक मुझे पता चला कि वह चैनल बंद हो गया है। फ्लैट बेचकर जो पैसे मिले थे, मैंने उस कार्यक्रम में लगा दिए थे। मुझे लगा था कि मेरी जिंदगी शानदार है, चार बेडरूम का घर है, परिवार के लिए सब कुछ तैयार है। फिर, चैनल गायब हो गया और किसी को पता नहीं चला कि क्या हुआ। उनके दरवाजे पर बस एक ताला लगा हुआ था।'



फिल्म और टेलीविजन में किया काम

राजू खेर ने फिल्म और टेलीविजन दोनों में अभिनेता और निर्देशक के रूप में काम किया है। उन्होंने 1990 के दशक में अभिनय शुरू किया और गुलाम, जंगल, ओम जय जगदीश, शूटआउट एट वडाला, कृष 3, मैं तेरा हीरो, ऊंची और पटना शुक्ला जैसी फिल्मों में अभिनय किया है। उन्होंने कई टेलीविजन शो का निर्देशन भी किया है। 1999 का सीरियल संस्कार, साथ ही मंजिल, अभिलाषा और रेत का दरिया के लिए वह काफी मशहूर हुए।

लगा भाई अनुपम ने नहीं की मदद

आगे अपने इंटरव्यू में राजू ने कहा, 'मुझे भी किराया चुकाने का दबाव महसूस हो रहा था। मेरे पास कोई और सहारा नहीं था, मैं सिर्फ अपने भाई से बात कर सकता था, और मुझे लगा कि वह मेरी मदद करेगा। लेकिन, उस समय उसने भी काम करना बंद कर दिया था। कारण यह था कि वह उन अजीबोगरीब फिल्मों में काम नहीं करना चाहता था, वह सार्थक भूमिकाएं चाहता था। इसलिए, मुझे लगा कि मेरे भाई ने मेरी मदद नहीं की। वह कर सकता था, यही मेरा उस समय का विचार था।'राजू ने आगे बताया कि अनुपम खेर उस वक्त खुद निजी संघर्षों से गुजर रहे थे। इस वजह से वह राजू की मदद नहीं कर सके। मगर इस बात का एहसास राजू को कई साल बाद हुआ।

मनोवैज्ञानिक पारिवारिक ड्रामा है यह फिल्म, जिम्मी और दिव्या आएंगे नजर

'तुम रहे ना तुम' का टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में होगा वर्ल्ड प्रीमियर

नई दिल्ली। जिम्मी शेरगिल और दिव्या दत्ता स्टारर फिल्म 'तुम रहे ना तुम' का वर्ल्ड प्रीमियर 10 अक्टूबर को इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ साउथ एशिया टोरंटो में होगा। फिल्म का प्रीमियर गाला स्क्रीनिंग के तौर पर मिसिसॉगा के सिनेप्लेक्स सिनेमाज कोर्टनी पार्क में किया जाएगा। प्रेम प्रकाश मोदी के निर्देशन में बनी यह फिल्म एक मनोवैज्ञानिक पारिवारिक ड्रामा है। फिल्म में जिम्मी शेरगिल और दिव्या दत्ता मुख्य भूमिकाओं में हैं, जबकि तनिष्का तिवारी, हर्ष छाया, जरीना वहाब और राजेश जैसे अहम किरदारों में नजर आएंगे।

नाटक 'द फादर' से प्रेरित फिल्म

फिल्म की पटकथा राकेश कुमार त्रिपाठी ने लिखी है। विक्रमजीत रॉय इसके एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर हैं, जबकि दीपांकर 'जोजो' चाकी एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर के साथ फिल्म के साउंड डिजाइनर भी हैं। फिल्म का निर्माण विन्नी चावला, डॉ. वृंदा चावला और सोनू कटियाल ने फैनैटिकली फिल्मी प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले किया है। 'तुम रहे ना तुम' स्वीडिश नाटककार ऑगस्ट स्ट्रिंडबर्ग के चर्चित नाटक "द फादर" से प्रेरित है। कहानी को भारतीय पारिवारिक परिवेश में रखा गया है और उत्तराखंड के एक पहाड़ी शहर की पृष्ठभूमि में एक पति-पत्नी के बीच अपनी बेटी के भविष्य को लेकर शुरू हुए टकराव को दिखाया गया है। धीरे-धीरे यह विवाद सिर्फ बेटी के फैसले तक सीमित नहीं रहता, बल्कि परिवार के भीतर सत्ता, पहचान, भरोसे और रिश्तों को लेकर गहरे संघर्ष में बदल जाता है।



बच्चे की भविष्य पर सवाल

फिल्म परिवार और रिश्तों के जरिए यह सवाल भी उठाती है कि आखिर किसी बच्चे के भविष्य को तय करने का अधिकार किसके पास होना चाहिए। कहानी में पितृसत्ता, असुरक्षा, विरासत और माता-पिता की अपेक्षाओं के साथ-साथ उन भावनात्मक जख्मों को भी जगह दी गई है, जो लंबे समय में रिश्तों को प्रभावित करते हैं। फिल्म किसी एक किरदार को पूरी तरह सही या गलत ठहराने के बजाय दो ऐसे लोगों के बीच के संघर्ष को सामने रखती है, जिनकी अपनी कमियां और असुरक्षाएं हैं।

भारत से बाहर के दर्शकों तक भी पहुंचेगी फिल्म

फिल्म के वर्ल्ड प्रीमियर को लेकर जिम्मी शेरगिल ने कहा, 'तुम रहे ना तुम' की शुरुआत IFFSA टोरंटो में वर्ल्ड प्रीमियर के साथ होना मेरे लिए बेहद खास है। कहानी एक भारतीय परिवार से जुड़ी है, लेकिन इसमें मौजूद भावनाएं सार्वभौमिक हैं। मुझे उम्मीद है कि भाषा और भौगोलिक सीमाओं से परे यह फिल्म लोगों से जुड़ पाएगी। निर्देशक प्रेम प्रकाश मोदी ने कहा कि एक सदी से भी पहले लिखी गई कहानी का आज भी प्रासंगिक महसूस होना अपने आप में खास है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ साउथ एशिया टोरंटो के जरिए फिल्म भारत से बाहर के दर्शकों तक भी पहुंचेगी। वहीं, दिव्या दत्ता ने कहा कि परिवार, प्यार और उम्मीदों को लेकर हर संस्कृति में अपनी समानताएं होती हैं। उनके मुताबिक, फिल्म में रिश्तों को जिस तरह से दिखाया गया है, उसमें दुनिया भर के दर्शक अपनी जिंदगी की कोई न कोई झलक देख सकते हैं।

खबर संक्षेप

प्रेरणा परिवार ने लाडवाल को किया सम्मानित

हिसार। साहित्य एवं सामाजिक संस्था 'प्रेरणा परिवार' के निदेशक शुभकरण गौड़ ने पिछले 20 वर्षों से कुशल मंच संचालन कर रहे जयभगवान लाड़वाल को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर एक काव्य गोष्ठी का आयोजन भी किया गया, जिसमें कवियों ने अपनी रचनाओं की प्रस्तुति दी। गोष्ठी में जयभगवान लाड़वाल, ऋषि सक्सेना, राजेंद्र गुप्ता, कृष्ण इंदौरा, शुभकरण गौड़, अशोक गर्ग, अमरदीप सेवार्थ, गोलू मुकेश और सोनम सहित अन्य गणमान्य ने भी काव्य पाठ किया।

लक्ष्य पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने किया भ्रमण

हिसार। लक्ष्य पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने ज्ञानवर्धक एवं रोमांचक शैक्षिक भ्रमण के दौरान अंबाला, चंडीगढ़ और सोलन के प्रमुख ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन स्थलों का अवलोकन किया। इस यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ ऐतिहासिक धरोहरों, प्राकृतिक सौंदर्य और सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराना था।

हांसी नगर परिषद परिसर में लगा सेवा सेतु कैंप

हांसी। सेवा संकल्प अभियान के तहत मंगलवार को नगर परिषद कार्यालय परिसर में सेवा सेतु कैंप का आयोजन किया गया। एडीसी एवं डीएमसी लक्षित सरीन के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में नगर परिषद के अध्यक्ष प्रवीण इलाहाबादी ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत की। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जहां नागरिकों को विभागों से संबंधित जनकल्याणकारी योजनाओं, सेवाओं और सरकारी कार्यक्रमों की जानकारी उपलब्ध करवाई गई।

निगम ने चलाया अतिक्रमण हटाओ, सामान जब्त

हिसार। शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य से नगर निगम का अभियान लगातार जारी है। मंगलवार को नगर निगम की टीम ने अभियान की शुरुआत रेलवे स्टेशन रोड से अतिक्रमण हटाकर की। इसके बाद टीम ने पोस्ट ऑफिस से लेकर नागोरी गेट, तलाकी गेट से विश्वकर्मा धर्मशाला ऋषि नगर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। टीम ने बस स्टेण्ड से लेकर सिरसा चुंगी तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान नामदेव धर्मशाला के पास 2-3 दुकानदारों का सामान भी जब्त किया। इसके बाद टीम ने राजगुरु मार्केट, आर्य बाजार, पुल तेलियान, पूजा मार्केट, बिश्नोई मंदिर मार्केट में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इसके साथ ही टीम ने सेक्टर 27-28 की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटवाया।

छात्रों ने निकाली जागरूकता रैली

नारनौंद। गांव राजथल में पिछले डेढ़ महीने से ग्रामीण और युवा नशे पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने के लिए ठीकरी पहरा देकर नशा रोकने का काम कर रहे हैं। स्कूली छात्र भी उनकी मुहिम में शामिल होते हुए मंगलवार को पूरे गांव में नशा रोको जागरूकता रैली निकालकर समाज में संदेश दिया कि अब इस गांव में नशा नहीं मिलेगा।

डिजिटल एक्स-रे, सीटी स्कैन, एमआरआई की कार्यप्रणाली का किया अध्ययन

एमएएमसी अग्रोहा पहुंचकर गुजवि के विद्यार्थियों ने समझी आधुनिक तकनीक



हिसार। अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में जानकारी लेते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

शैक्षणिक भ्रमण में 38 विद्यार्थियों ने की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के एलाइड हेल्थ साइंसेज विभाग की ओर से बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (बीएमआरआईटी) के विद्यार्थियों के लिए महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज, अग्रोहा (एमएएमसी) में एक दिवसीय शैक्षणिक एवं व्यावहारिक भ्रमण का आयोजन किया गया। भ्रमण में विभाग के 38 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने अस्पताल के वास्तविक वातावरण में आधुनिक चिकित्सीय तकनीकों और रेडियोलॉजी की कार्यप्रणाली को करीब से समझा।

विद्यार्थियों ने एमएएमसी के रेडियोलॉजी विभाग में डिजिटल एक्स-रे, सीटी स्कैन, एमआरआई और अल्ट्रासाउंड जैसी आधुनिक डायग्नोस्टिक मशीनों के संचालन और इमेजिंग प्रक्रियाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने एनाटॉमी विभाग का दौरा किया।

भ्रमण का उद्देश्य व्यावहारिक अनुभव देना

एलाइड हेल्थ साइंसेज विभाग के अध्यक्ष प्रो. ओम प्रकाश सांगवान ने बताया कि भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को कक्षा में अर्जित सैद्धांतिक ज्ञान के साथ अस्पताल की वास्तविक कार्यप्रणाली और आधुनिक चिकित्सीय तकनीकों का व्यावहारिक अनुभव देना था।



हिसार। विद्यार्थी प्रशिक्षकों को सम्मानित करते कुलपति प्रो. विजय कुमार व विशिष्ट अतिथि मनीष गोयल। फोटो: हरिभूमि

'प्रज्ञान' में सीनियर्स ने 2050 जूनियर्स को सिखाए सॉफ्ट स्किल्स, खुद भी सीखे नेतृत्व के गुर

हिसार। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के 'स्पीकाथॉन क्लब' की ओर से 'प्रज्ञान-2026' के विद्यार्थी प्रशिक्षकों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दो दिवसीय सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अंतिम वर्ष के 139 विद्यार्थियों ने 65 बैच में प्रथम वर्ष के 2050 विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया। आठ प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से आयोजित इस पहल में सीनियर्स ने जूनियर्स को कौशल विकास का प्रशिक्षण देने के साथ स्वयं भी नेतृत्व, संचार और मेंटरिंग का व्यावहारिक अनुभव हासिल किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजय कुमार समारोह में मुख्य अतिथि रहे, जबकि ग्रेटर हिसार चैंबर ऑफ कॉमर्स के संस्थापक एवं अध्यक्ष मनीष गोयल विशिष्ट अतिथि थे। अध्यक्षता ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक डॉ. प्रताप सिंह ने की। समारोह को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. विजय कुमार ने विश्वविद्यालय में पढ़ाई के शुरुआती वर्षों से ही संचार और सॉफ्ट स्किल्स विकसित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। मनीष गोयल ने कॉर्पोरेट जगत में संचार, टीमवर्क, नेतृत्व और परिस्थितियों के अनुसार ढलने की क्षमता के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला।



हिसार। डॉ. गुलशन कुमार व डॉ. मीनू रानी को सम्मानित करते शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा। फोटो: हरिभूमि

डॉ. गुलशन कुमार एवं डॉ. मीनू रानी को शिक्षा मंत्री ने किया सम्मानित

- शिक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

शांति नगर निवासी डॉ. गुलशन कुमार एवं डॉ. मीनू रानी को शिक्षण एवं सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए श्रेष्ठ शिक्षक सम्मान से नवाजा गया है। दोनों भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, साउथ कैंपस, भैंसवाल कलां के फार्मेसी विभाग में सहायक प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। गत दिवस रेवाड़ी में अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित श्रेष्ठ शिक्षक सम्मान समारोह में हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने डॉ. गुलशन कुमार एवं डॉ. मीनू रानी को सम्मानित किया।

समारोह का आयोजन केंद्रीय आर्य युवक परिषद, रेवाड़ी एवं पतंजलि परिवार, रेवाड़ी के संयुक्त तत्वावधान में स्वामी सच्चिदानंद महाराज के सान्निध्य में सम्पन्न हुआ। डॉ. गुलशन कुमार एवं डॉ. मीनू रानी द्वारा शिक्षण कार्य के साथ-साथ स्वास्थ्य जागरूकता, नशामुक्ति, तनावमुक्ति, योग एवं सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में निरंतर कार्य किया जा रहा है।

पूर्व सीएम चौधरी भजनलाल की जयंती मनाई



हिसार। पूर्व मुख्यमंत्री स्व. चौधरी भजनलाल की 96वीं जयंती पर मंगलवार को आदमपुर से लेकर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में श्रद्धा और सम्मान का भाव देखने को मिला। हरियाणा के अलावा दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पंजाब सहित देश के विभिन्न हिस्सों में लोगों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। आदमपुर स्थित समाधि स्थल पर पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई, पूर्व विधायक रेनुका बिश्नोई, पूर्व विधायक दुड़ाराम, पूर्व विधायक भव्य बिश्नोई व विधायक रणधीर पनिहार सहित परिवार के सदस्यों और अनेक गणमान्य लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित की। समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद कुलदीप बिश्नोई ने हिसार स्थित बिश्नोई मंदिर, मंगाली बिश्नोई मंदिर सहित प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर समर्थकों और कार्यकर्ताओं की ओर से आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रमों में शिरकत की और चौधरी भजनलाल को नमन किया।

राष्ट्रीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप में हिन्दू स्कूल ने जीता रजत

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। शानदार प्रदर्शन करने वाली हिन्दू पब्लिक स्कूल की टीम। फोटो: हरिभूमि

हिन्दू पब्लिक स्कूल, चौधरीवास की अंडर-17 बास्केटबॉल टीम ने सेंट जेवियर स्कूल, बठिंडा में आयोजित सीबीएसई राष्ट्रीय बास्केटबॉल चैम्पियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का खिताब अपने नाम किया और रजत पदक पर कब्जा जमाया। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने हरियाणा को गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में हिन्दू पब्लिक स्कूल ने मान स्कूल, दिल्ली को पराजित कर फाइनल में जगह बनाई थी। फाइनल मुकाबले में मेजबान सेंट जेवियर स्कूल, बठिंडा के साथ हुए कड़े संघर्ष के बाद टीम ने प्रतियोगिता का रजत पदक अपने नाम किया। टीम के खिलाड़ी जतिन, वंश, दिशांत, मिलन, गणेश, आर्यन, गौरव सहारण, हिमांशु नेहरा और अनिरुद्ध ने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया।

सेवा को अपना संस्कार बनाएं: सावित्री जिंदल

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। योगाभ्यास करती विधायक सावित्री जिंदल एवं अन्य। फोटो: हरिभूमि

सेवा संकल्प अभियान के तहत मंगलवार को टाउन पार्क में एक विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक सावित्री जिंदल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ सावित्री जिंदल, अतिरिक्त आयुक्त डॉ. वेद प्रकाश, अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा और पार्षद संजय डालमिया ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

इसके पश्चात योग विशेषज्ञ पूजा के मार्गदर्शन में उपस्थित लोगों ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक सावित्री जिंदल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत स्वच्छता, स्वास्थ्य और जनसेवा से जुड़े विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन आयोजनों का उद्देश्य केवल औपचारिकताओं तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि सेवा को संस्कार, स्वास्थ्य को प्राथमिकता और राष्ट्र सेवा को जीवन का संकल्प बनाने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।

योगाभ्यास से आती है सकारात्मक ऊर्जा

कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त आयुक्त डॉ. वेद प्रकाश ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन कम से कम एक घंटा योग व व्यायाम अवश्य करना चाहिए। इससे न केवल शरीर स्वस्थ रहता है बल्कि जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी होता है। इस अवसर पर नगर निगम, विभिन्न प्रशासनिक विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों और स्थानीय निवासियों ने सामूहिक योगाभ्यास में भाग लिया।



कॉसमॉस पब्लिक स्कूल के छात्रों ने जीते आठ पदक

हिसार। जिला तैराकी संघ द्वारा आयोजित जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में कॉसमॉस पब्लिक स्कूल, गंगवा के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर 8 पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। कक्षा सातवीं के छात्र आदित्य ने 5 पदक जीतकर सबका दिल जीत लिया। आदित्य ने 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में स्वर्ण पदक, 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में रजत पदक, 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले में रजत पदक तथा 50 मीटर फ्री स्टाइल और 50 मीटर बैक स्ट्रोक में कांस्य पदक प्राप्त किया। वहीं कक्षा दसवीं के छात्र लक्ष्यवीर ने *50 मीटर, 100 मीटर और 200 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में तीन रजत पदक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के चेयरमैन महेंद्र सिंह पायल व प्रधानाचार्य हितेश बाबल ने दोनों खिलाड़ियों, उनके कोच व अभिभावकों को बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

41 साल पुराने जमीन विवाद में 76 वर्षीय पूर्व सरपंच गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



बरवाला क्षेत्र के ढाणी खान बहादुर, ढाणी गारण व ढाणी मिरदाद (संयुक्त पंचायत) में जमीन के राजस्व रिकॉर्ड में कथित हेराफेरी और फर्जी दस्तावेज तैयार करने के करीब चार दशक पुराने विवाद में पुलिस ने 76 वर्षीय पूर्व सरपंच शिवलाल को गिरफ्तार किया है।

वर्ष 2016 में दर्ज मामले में गिरफ्तारी के बाद आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 8 अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस जांच में सामने आया कि एसी-2 ग्रेड के 14 अक्टूबर 1985 के कथित आदेश व प्रस्ताव के आधार पर 1985-86 के रोजनामचा की रपट संख्या 49-50 के आधार पर कुलवंत राय के नाम दर्ज गिरदावरी को पंचायत के नाम दुरुस्त किया गया था। जांच में संबंधित रेजुलेशन और एसी-2 ग्रेड के 14 अक्टूबर 1985 के कथित आदेश का मूल रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं मिला। वर्ष 2016 में एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने इसे बंद करने की रिपोर्ट तैयार की थी। बाद में जमीन संबंधी दीवानी मुकदमे में शिकायतकर्ता पक्ष के हक में 22 जनवरी 2026 को फैसला आने के बाद मामले में 18 अप्रैल को आगे की जांच के आदेश हुए।



हांसी। रोहतक चिड़ाया घर का शैक्षणिक भ्रमण करते आरपीएस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी।

आरपीएस स्कूल के विद्यार्थियों ने किया रोहतक चिड़ियाघर का शैक्षणिक भ्रमण

हांसी। आरपीएस पब्लिक स्कूल की छठी, सातवीं एवं आठवीं के विद्यार्थियों ने के विद्यार्थियों ने रोहतक स्थित चिड़ियाघर का शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को वन्यजीवों, विभिन्न प्रजातियों तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना और उन्हें किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने चिड़ियाघर में विभिन्न प्रकार के वन्यजीवों एवं पक्षियों को देखा और उनके प्राकृतिक आवास, खान-पान, जीवनशैली तथा विशेषताओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और जिज्ञासा के साथ विभिन्न वन्य प्रजातियों का अवलोकन किया। इस दौरान विद्यालय के अध्यापकों ने विद्यार्थियों को विभिन्न वन्यजीवों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। विद्यालय की प्राचार्या एकता सचदेवा ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कक्षा में प्राप्त किताबी ज्ञान को जब विद्यार्थी प्रत्यक्ष रूप से देखते और अनुभव करते हैं, तो उनकी सीख अधिक प्रभावी एवं स्थायी बनती है।

हिसार डिपो में प्रधान पद पर बनी सहमति

हिसार। हिसार डिपो में प्रधान पद के चुनाव को लेकर चल रही प्रक्रिया के बीच मंगलवार को राज्य कमेटी की मौजूदगी में आपसी सहमति से समाधान निकाल लिया गया। सात अक्टूबर को होने वाले चुनाव से एक दिन पहले राज्य कमेटी ने हिसार डिपो के करीब 50 कर्मचारियों के साथ चर्चा की। सहमति के अनुसार तीन वर्ष के कार्यकाल में पहले डेढ़ साल पवन हिसार डिपो के प्रधान की जिम्मेदारी संभालेंगे, जबकि राजकुमार चौहान डिपो के चेयरमैन रहेंगे। इसके बाद अगले डेढ़ साल के लिए राजकुमार चौहान प्रधान की जिम्मेदारी संभालेंगे और पवन डिपो के चेयरमैन होंगे।



राजकुमार चौहान

झांकी में सोने की बालियां झपटने का एक और आरोपी काबू

हांसी। श्याम बाबा की झांकी के दौरान महिलाओं की सोने की बालियां और झुमके झपटने वाले गिरोह पर पुलिस ने शिकंजा कसते हुए तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान पंजाब जिले के गांव पीरखाना मोहल्ला निवासी संजय उर्फ संजू के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से 4 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। सहायक उप निरीक्षक मुनीश ने बताया कि 19 जून को जांच अधिकारी ने बताया कि निवासी महिला ने शिकायत दी थी कि 18 जून को श्याम बाबा की झांकी के दौरान विश्वकर्मा चौक के पास अज्ञात व्यक्ति उसके बाएं कान की सोने की बाली तोड़कर ले गया था।

पहल छाया चित्रों की प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने जानी आजादी के संघर्ष की कहानी

इतिहास के पन्नों से निकली आजादी की गाथा गांव कालवास में लगी ऐतिहासिक प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कालवास में आयोजित ऐतिहासिक दस्तावेजों एवं छाया चित्रों की प्रदर्शनी का अवलोकन करते विद्यार्थी, शिक्षक एवं अन्य उपस्थितजन। फोटो: हरिभूमि

क्षेत्रीय अभिलेखागार हिसार मंडल की ओर से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कालवास में दो दिवसीय ऐतिहासिक दस्तावेजों एवं छाया चित्रों की प्रदर्शनी का मंगलवार को हिसार प्रथम के खंड शिक्षा अधिकारी राज वीरेंद्र ढिल्लों ने शुभारंभ किया। अपने संबोधन में खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों के ज्ञानवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इनके माध्यम से युवा पीढ़ी को अपने इतिहास, स्वतंत्रता संग्राम और आसपास के क्षेत्र से जुड़े स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को जानने का अवसर मिलता है। क्षेत्रीय अभिलेखागार हिसार मंडल के सहायक निदेशक अनिल कुमार ने कहा कि प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन को ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत से रूबरू करवाना है। दिल्ली विश्वविद्यालय से दयाल सिंह कॉलेज के इतिहासकार डॉ उमा शंकर सिंह ने विद्यार्थियों को इतिहास के महत्व से अवगत करवाया।

प्रदर्शनी में 255 विद्यार्थी पहुंचे

प्रदर्शनी में वर्ष 1857 से 1947 तक चले स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े दुर्लभ ऐतिहासिक दस्तावेजों, छायाचित्रों और घटनाओं को प्रदर्शित किया गया है। कार्यक्रम में लगभग 255 छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं शिक्षकों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश कुमार, राजकुमार जांगड़ा, नरेंद्र सिंह दुहन, प्राचार्य धर्मवीर नैन चौधरीवास, पूर्व सरपंच संजय लांबा, एसएमसी प्रधान कविता देवी सहित विद्यालय के स्टाफ सदस्य एवं आसपास के विद्यालयों के शिक्षक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

पानी की मोटर चोरी, दो आरोपी मौके पर पकड़े

हिसार। मिर्जापुर चौक स्थित जेबीएलडी कार केयर वर्कशॉप से पानी की मोटर चोरी करने के आरोप में पुलिस ने दो आरोपियों को चोरी के सामान समेत गिरफ्तार किया है। आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। हांसी के ढाणी कुम्हारान निवासी राजकुमार ने बताया कि मिर्जापुर चौक स्थित उसकी वर्कशॉप से चोर मोटर चोरी कर ले गए। राजकुमार और उनके साथी सतीश ने प्लास्टिक के कट्टे लेकर जा रहे आरोपियों को मौके पर ही रोक लिया। तलाशी लेने पर उनके पास चोरी का सामान बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर राजकुमार की चोरीशुदा पानी की मोटर के अलावा सतीश का चोरी हुआ पीतल का हुक्का और एक अन्य पानी की मोटर बरामद की है।

खबर संक्षेप

मलबा खुले में डालने पर किया 5 हजार का चालान

हिसार। नगर निगम ने शहर में स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई निरंतर की जा रही है। इसी कड़ी में नगर निगम की टीम ने कैंट क्षेत्र के पास निरीक्षण के दौरान एक ट्रैक्टर सेफ्टी टैंक द्वारा मलबा खुले में डाले जाने का मामला पकड़ा। मौके पर स्वच्छता नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर एएसआई सन्नी ने संबंधित ट्रैक्टर सेफ्टी टैंक संचालक का 5 हजार रुपये का चालान किया।

मसाले की दुकान के बाहर से चोरी हुई बाइक

हिसार। मसाले की दुकान के बाहर से चोरी हुई मोटरसाइकिल के मामले में शहर थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान कुलेरी निवासी सुशील कुमार के रूप में हुई है। पुलिस को दी शिकायत में गांधी चौक, छोटा जैन मंदिर वाली गली निवासी शिवशंकर ने बताया था कि वह अपनी हीरो होंडा एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल से मसाले की दुकान पर आया था। शाम को किसी ने दुकान के बाहर खड़ी उसकी मोटरसाइकिल चोरी कर ली। शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच करते हुए मुख्य सिपाही रेणु की टीम ने आरोपी सुशील कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा हीरो होंडा एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली।

अदालत से लगातार गैर हाजिर पीओ को पकड़ा

हिसार। अदालत की कार्रवाई से लगातार गैर हाजिर चल रहे पीओ खरड़ अलीपुर निवासी निशान को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार निशान के खिलाफ अदालत में एम/एस श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस कंपनी लिमिटेड बनाम निशान मामले में केस लंबित था। आरोपी लगातार अदालत की कार्रवाई से गैर हाजिर चल रहा था। उसके खिलाफ कई बार समन और गैर-जमानती वारंट जारी किए गए, लेकिन इसके बावजूद वह न्यायालय में पेश नहीं हुआ। लगातार गैर हाजिरी के चलते अदालत ने निशान को उद्घोषित अपराधी घोषित कर दिया था। अदालत के आदेशानुसार आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करके पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स सख्ती से करें लागू

हिसार। जिले में ठोस कचरा प्रबंधन व्यवस्था को मजबूत करने और पर्यावरण नियमों की पालना सुनिश्चित करने के लिए मंगलवार को उपायुक्त महेंद्र पाल की अध्यक्षता में संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स के प्रभावी क्रियान्वयन और विभिन्न सरकारी विभागों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए चर्चा की गई। बैठक में नगर निगम, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी, जन स्वास्थ्य व बिजली विभाग के अधीक्षक अभियंताओं सहित जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी, जिला नगर योजनाकार, जिला चिकित्सा अधिकारी, महिला एवं बाल विकास अधिकारी और पंचायती राज के कार्यकारी अभियंता को सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स को सख्ती से लागू करने की हिदायत दी गई।

22 जून को मांग-पत्र देने के बावजूद समाधान न होने से रोष

सेक्टर-33 की 15 समस्याएं लंबित, 8 को धरने का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

सेक्टर-33 की 15 सूत्रीय समस्याओं का समाधान नहीं होने से रेजिडेंट सभा में रोष है। समस्याओं के समाधान की मांग पर आठ अक्टूबर को एचएसवीपी कार्यालय पर दिए जाने वाले धरने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सभा के प्रधान बलवान शर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में धरने को सफल बनाने के लिए पदाधिकारियों की ड्यूटियां लगाई गईं। सभा के प्रेस सचिव मास्टर बलदेव बगला ने बताया कि सेक्टर की समस्याओं को लेकर 22 जून को एचएसवीपी प्रशासक को मांग-पत्र सौंपा गया था, लेकिन अब तक समस्याओं के समाधान के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। विधायक सावित्री जिंदल और मेयर प्रवीन पोपली की ओर से भी संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए जा चुके हैं।



हिसार। धरने की तैयारियों के लिए बैठक करते रेजिडेंट सभा के पदाधिकारी।

सीवरेज व्यवस्था बदहाल

रेजिडेंट सभा के अनुसार सेक्टर में सीवरेज व्यवस्था बदहाल है और मोबाइल नेटवर्क की समस्या भी बनी हुई है। नए वाटर वर्क्स के निर्माण में देरी के अलावा सड़कों और खाली प्लॉटों में उगी कीकर, पार्कों की खराब स्थिति तथा सड़कों की नियमित सफाई नहीं होने से सेक्टरवासी परेशान हैं। बैठक में जिला अटॉर्नी साधु राम भ्याण, पूर्व आरडब्ल्यूए प्रधान राजपाल नैन, सचिव देव कुमार भाटिया, चेयरमैन दलीप गोदारा, दीपक मंगल, यशपाल सिहाग, कैप्टन यशपाल परमार, सीआर भान, अनूप सिवाच, हरपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

महापड़ाव की तैयारी में जुटी आईबी मैकेनिकल ब्रांच

■ 'यूनियन आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत पंप हाउसों का दौरा कर कर्मचारियों की सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य मंत्री रणबीर गंगवा के आवास पर 24 अक्टूबर को प्रस्तावित अनिश्चितकालीन महापड़ाव की तैयारियों के लिए हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन की आईबी मैकेनिकल ब्रांच ने 'यूनियन आपके द्वार' कार्यक्रम चलाया। ब्रांच प्रधान विनोद फौजी के नेतृत्व में कार्यकारिणी ने विभिन्न पंप हाउसों का दौरा कर कर्मचारियों से संपर्क किया और उनकी समस्याएं जानीं। यूनियन पदाधिकारियों ने मल्लापुर, जगान, नलवा, सातरोड, राणा स्टोर, सिंघवा, फरीदपुर, हांसी, देवसर, रुपाणा और गोरछी सहित विभिन्न पंप हाउसों का दौरा किया। इस दौरान कर्मचारियों को आगामी आंदोलन में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। दौरे के दौरान कार्यकारिणी ने पंप हाउसों पर कर्मचारियों के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का भी जायजा लिया। यूनियन के अनुसार फरीदपुर पंप हाउस पर कर्मचारियों के बैठने के लिए ऑपरेटर हट तक उपलब्ध नहीं है।



हिसार। 'यूनियन आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत पंप हाउसों का दौरा कर कर्मचारियों की समस्याएं सुनते ब्रांच पदाधिकारी।

ये रहे मौजूद

ब्रांच प्रधान विनोद फौजी ने कहा कि राज्य कमेटी के आह्वान पर 24 अक्टूबर से मंत्री रणबीर गंगवा के आवास पर अनिश्चितकालीन महापड़ाव किया जाएगा। इस अवसर पर ब्रांच सचिव विनोद भाटिया, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र फौजी, वरिष्ठ उपप्रधान राजपाल फौजी, उपप्रधान जोगेंद्र फौजी, सहसचिव अजय, अध्यक्ष त्रिलोचन, संगठन सचिव मोहित कालड़ा, उपप्रधान बलवान सहित अन्य पदाधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



हिसार। रेड रिबन में भाग लेने वालों को सम्मानित करते प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह।

जिला स्तरीय रेड रन में दयानंद कॉलेज का अमित रहा प्रथम

■ एचआईवी-एड्स जागरूकता के लिए आयोजित दौड़ में विद्यार्थियों ने दिखाया शानदार प्रदर्शन

हिसार। जिला एड्स नियंत्रण सोसायटी की ओर से आयोजित जिला स्तरीय रेड रन में दयानंद महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में बीएससी मेडिकल फाइनल ईयर के छात्र अमित ने प्रथम तथा बीए फाइनल ईयर के छात्र मनोज ने द्वितीय स्थान हासिल किया। रेड रन का आयोजन एचआईवी-एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली और सामाजिक जागरूकता का संदेश देने के उद्देश्य से किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। दयानंद कॉलेज के दोनों विद्यार्थियों की उपलब्धि पर महाविद्यालय में खुशी का माहौल रहा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनका मनोबल बढ़ाया।

हिसार-मसूदपुर मार्ग को शीघ्र चौड़ा करने की मांग

नारनौंद। सर्व जन समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नन्द किशोर चावला ने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से हिसार से मसूदपुर तक सड़क मार्ग को शीघ्र चौड़ा करवाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि हिसार से नारनौंद जाने वाला मार्ग मसूदपुर होकर गुजरता है और इस मार्ग पर लगातार यातायात का दबाव बढ़ रहा है। चावला ने मुख्यमंत्री को भेजे अनुरोध में कहा कि वर्तमान में हिसार से मसूदपुर तक सड़क मार्ग करीब 18 फुट चौड़ा है। यातायात की बढ़ती संख्या के कारण इस संकरे मार्ग पर वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि 21 जनवरी 2019 को हरियाणा सरकार द्वारा हिसार से मसूदपुर तक सड़क मार्ग को चौड़ा करने के लिए 66 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की गई थी, लेकिन इसके बावजूद अभी तक सड़क को प्रस्तावित 27 फुट चौड़ा नहीं किया गया है।

सहकारी विपणन समितियों के कर्मचारियों ने दूसरे दिन भी काली पट्टी बांध जताया रोष

■ मांगों पर कार्रवाई न होने से बढ़ा आक्रोश, 12 अक्टूबर को हैफेड मुख्यालय के घेराव का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

द हरियाणा कोऑपरेटिव मार्केटिंग सोसाइटी एम्प्लॉइज यूनियन के आह्वान पर प्रदेशभर की सहकारी विपणन समितियों के कर्मचारी लगातार दूसरे दिन मंगलवार को भी कार्यस्थलों पर काली पट्टी बांधकर ड्यूटी करते रहे। कर्मचारियों ने सरकार और हैफेड प्रबंधन के खिलाफ विरोध जताते हुए चेतावनी दी कि उनकी जायज मांगों का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। यूनियन के प्रदेश महासचिव हनुमान गोदारा ने बताया कि यूनियन के सर्वसम्मत निर्णय के अनुसार 5 से 11 अक्टूबर तक प्रदेशभर के सहकारी विपणन समितियों के कर्मचारी काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण ढंग से कार्य करते हुए विरोध दर्ज करवा रहे हैं। गोदारा ने कहा कि मांग-पत्र देने के बावजूद निर्धारित समय बीत जाने तक हैफेड प्रबंधन की ओर से न तो कोई ठोस कार्रवाई की गई और न ही कर्मचारियों की समस्याओं का संतोषजनक समाधान हुआ।



हिसार। काली पट्टी बांधकर रोष जताते यूनियन के प्रदेश महासचिव व अन्य।

12 अक्टूबर को हैफेड मुख्यालय का घेराव

यूनियन ने आंदोलन के अगले चरण की घोषणा करते हुए कहा कि 12 अक्टूबर को सुबह 11 बजे प्रदेशभर के कर्मचारी पंचकूला स्थित हैफेड मुख्यालय का घेराव कर प्रदर्शन करेंगे। यूनियन ने स्पष्ट किया कि मांगों की लगातार अनदेखी होने पर आंदोलन को आगामी दिनों में और व्यापक रूप दिया जा सकता है।

छात्राओं ने साझा किए मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े अनुभव

हिसार। दयानंद कॉलेज में मनोविज्ञान विभाग एवं महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में 'हर वॉयस, हर वेल बीइंग' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम 'लिवड एक्सपीरियंसिस हर्ड: रियल वॉयसेज, रियल चेंज' के अनुरूप छात्राओं के व्यक्तिगत अनुभवों, भावनाओं और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों को समझने तथा उन्हें खुलकर अभिव्यक्त करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्राओं के लिए विभिन्न आत्म-अभिव्यक्ति और संवादात्मक गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनके माध्यम से उन्होंने अपने जीवन के अनुभवों, भावनाओं, रिश्तों, शैक्षणिक दबाव, अकेलेपन तथा पारिवारिक एवं सामाजिक अपेक्षाओं जैसे विषयों पर अपने विचार साझा किए।

जिलास्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी में फतेह चंद कॉलेज की टीम रही प्रथम

■ पांच टीमों ने मुख्य चरण में दिखाया वैज्ञानिक ज्ञान और तर्कशक्ति का दम

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. सतीश कुमार सिंगला की अध्यक्षता में रसायन शास्त्र, भौतिक विज्ञान, जूलॉजी एवं बॉटनी विभागों की ओर से जिलास्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। स्क्रीनिंग राउंड के बाद पांच टीमों ने मुख्य प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया, जिसमें प्रतिभागियों ने वैज्ञानिक समझ, तर्कशक्ति और सामान्य विज्ञान के ज्ञान का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में फतेह चंद कॉलेज, हिसार की गातिमा, राधिका एवं साक्षी की टीम ने प्रथम स्थान हासिल कर तीन हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्राप्त की। गुरु गोरख नाथ गवर्नमेंट कॉलेज, हिसार के साकेत, लोकेश एवं सिमरन की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर दो हजार रुपये का पुरस्कार जीता। डीएन कॉलेज, हिसार के फागुन, दृष्टि एवं फलक की टीम तृतीय स्थान पर रही और उसे एक हजार रुपये की पुरस्कार राशि दी गई। अन्य टीमों ने भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए चतुर्थ और पंचम स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के संयोजक डॉ. सत्येन्द्र यादव ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। डॉ. करुणा बामल ने क्विज मास्टर की भूमिका निभाई। समापन अवसर पर प्राचार्य डॉ. सतीश कुमार सिंगला ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए पुरस्कार और प्रमाण-पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर डॉ. राकेश कुमार, सहायक प्रोफेसर पूनम, डॉ. साक्षी, सहायक प्रोफेसर ज्योति, सहायक प्रोफेसर अदिति, डॉ. प्रियंका, डॉ. कविता सहित महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किक सोच और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना रहा।



हिसार। कार्यक्रम में भाग लेने वाली छात्राएं स्टाफ के साथ। फोटो: हरिभूमि

हरियाणा जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हिसार ने जीते 37 पदक

■ भिवानी 60 पदकों के साथ ओवरऑल चैंपियन, फतेहाबाद ने 42 पदक जीतकर हासिल किया दूसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

कुरुक्षेत्र के द्रोणाचार्य स्टेडियम में हुई तीन दिवसीय 39वीं हरियाणा स्टेट जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2026 में हिसार के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 37 पदक जीतकर ओवरऑल पदक तालिका में तीसरा स्थान हासिल किया। भिवानी 60 पदकों के साथ चैंपियन बना, जबकि फतेहाबाद ने 42 पदक जीतकर दूसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में प्रदेश के 21 जिलों के 353 खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु वर्गों में भाग लिया और पदक जीते। हिसार के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में 13 स्वर्ण, 16 रजत और 8 कांस्य समेत कुल 37 पदक अपने नाम किए। भिवानी ने 26 स्वर्ण, 20 रजत और 14 कांस्य सहित 60 पदक जीते। वहीं फतेहाबाद के खिलाड़ियों ने 14 स्वर्ण, 15 रजत और 13 कांस्य समेत कुल 42 पदक हासिल किए। एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव प्रदीप मलिक व मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि तीन दिवसीय प्रतियोगिता में प्रदेश के 21 जिलों के लड़के और लड़कियों ने विभिन्न आयु वर्गों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के प्रदर्शन के आधार पर नेशनल जूनियर चैंपियनशिप के लिए हरियाणा टीम का चयन किया जाएगा।



हिसार। पदक जीतने के बाद विक्ट्री स्टैंड पर खिलाड़ी। फोटो: हरिभूमि

गतका चैंपियनशिप में हिसार के तीन खिलाड़ियों ने जीते रजत पदक

■ शरनजोत सिंह तूर ने अंडर-25 डेमो टीम, जगजोत व जगजीत ने अंडर-19 डेमो टीम में हासिल किया दूसरा स्थान

हिसार। श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर इंडोर स्टेडियम में आयोजित दसवीं सीनियर नेशनल गतका चैंपियनशिप में हरियाणा की ओर से खेलते हुए हिसार के तीन खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर रजत पदक हासिल किए। गतका फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित राष्ट्रीय चैंपियनशिप में शरनजोत सिंह तूर ने अंडर-25 डेमो टीम में रजत पदक जीता, जबकि जगजोत सिंह और जगजीत सिंह ने अंडर-19 टीम डेमो में रजत पदक हासिल किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर हिसार गतका एसोसिएशन की प्रधान रणजीत कौर और सचिव वीरेंद्र ने गतका फेडरेशन ऑफ हरियाणा तथा गतका फेडरेशन ऑफ इंडिया को बधाई दी। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर रिछपाल सिंह, गुरुवंश सिंह, डॉ. संजय मुंजाल, अर्पित सिंह, भूपेंद्र सिंह तूर आदि रहे।



हिसार। जीते गए पदक दिखाते शरनजोत सिंह तूर, जगजोत सिंह व जगजीत सिंह।

सीबीएसई नेशनल तीरंदाजी में दादी गोरी सेंटर का दबदबा

■ अंडर-14 टीम ने जीता स्वर्ण पदक, अमन ने व्यक्तिगत स्पर्धा में हासिल किया कांस्य

हिसार। उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ में आयोजित सीबीएसई नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप में दादी गोरी तीरंदाजी सेंटर, मंगाली के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। अंडर-14 आयु वर्ग की टीम स्पर्धा में दादी गोरी तीरंदाजी सेंटर की टीम ने बेहतरीन तालमेल और सटीक निशानेबाजी के दम पर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। विजेता टीम में अमन, योगेश, अभिनव और मयंक शामिल रहे। टीम स्पर्धा में स्वर्णिम सफलता के साथ सेंटर के होनहार खिलाड़ी अमन ने अंडर-14 व्यक्तिगत स्पर्धा में भी शानदार प्रदर्शन किया और कांस्य पदक हासिल किया। दोहरी सफलता से दादी गोरी तीरंदाजी सेंटर में खुशी का माहौल है। मेडल सेरेमनी और वापसी की ट्रेन का समय एक ही होने के कारण टीम के अधिकारी मेडल सेरेमनी में शामिल नहीं हो सके। इसके बाद कोच गोविंद बिश्नोई ने वापसी के दौरान ट्रेन में ही सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया।



हिसार। ट्रेन में अपने मेडलों के साथ खिलाड़ी।

भगवान वाल्मीकि आंबेडकर शिक्षा समिति की आम सभा 10 को

हिसार। भगवान वाल्मीकि आंबेडकर शिक्षा समिति की आम सभा 10 अक्टूबर को होगी। यह सभा राजगढ़ रोड स्थित कबीर छात्रावास में प्रातः 10 बजे से दोपहर एक बजे तक होगी। समिति के महासचिव संजय कुमार लोट ने बताया कि आम सभा में समिति के सामाजिक एवं शैक्षणिक उद्देश्यों को आगे बढ़ाने, छात्रावास निर्माण तथा समाज की उन्नति से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया जाएगा। इस दौरान समिति के सदस्यों से सुझाव एवं विचार भी आमंत्रित किए जाएंगे, ताकि समाजहित से जुड़े कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जा सके।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

महाराणी लक्ष्मीबाई कॉलेज में गूंजा सूफी संगीत

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

भिवानी रोहिल्ला स्थित महाराणी लक्ष्मीबाई महिला महाविद्यालय में उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज द्वारा आयोजित सांस्कृतिक उत्सव 'लोक-सुर-संगम' का दूसरा दिन सूफी संगीत के नाम रहा। 'रूह से रूह तक' थीम पर आयोजित इस सूफी गायन कार्यक्रम में छात्राओं और उपस्थित श्रोताओं ने अध्यात्म एवं प्रेम से भरे सूफियाना कलाम का आनंद लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. कुलदीप सरोहा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के प्रतिनिधि मंथन ने की एवं कार्यक्रम के समन्वयक रविंद्र श्योराण भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ चेयरमैन डॉ. भारत-भूषण प्रधान, कॉलेज डायरेक्टर डॉ. नीलम प्रभा, प्रिंसिपल डॉ. शमीम शर्मा, स्कूल प्रिंसिपल डॉ. सरिता शर्मा, स्कूल प्रबंधक डॉ. अजीज प्रधान एवं मुख्य अतिथि डॉ. कुलदीप सरोहा ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का आगाज सूफी गायक दिलावर कौशिक के सूफियाना कलाम से हुआ। उन्होंने अपनी रूहानी आवाज मे 'सानु इक पल चैन ना आवे' जैसे गीतों की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। कलाकारों के दल ने 'दम नाल दम भरंगी, रांझिया वे' ओर 'सोणिये जे तेरे नाल, दगा मैं कमावां, नी रब करे मैं मर जावां, हो...' सहित अन्य खूबसूरत कलाम प्रस्तुत किए। सूफी गायन की इन मनमोहक प्रस्तुतियों ने लोक और अध्यात्म के अद्भुत मिलन को जीवंत कर दिया।



हिसार। सूफी संगीत प्रस्तुति देते दिलावर कौशिक व अन्य। फोटो: हरिभूमि

विद्यार्थियों को किया साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक

नारनौंद। पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में साइबर अपराधों से बचाव और आमजन को ऑनलाइन ठगी के नए तरीकों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से साइबर सुरक्षा माह अक्टूबर के तहत थाना नारनौंद पुलिस द्वारा पब्लिक स्कूल नारनौंद में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में थाना नारनौंद में तैनात उप निरीक्षक अरविंद एवं पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को विशेष रूप से यूपीआई पिन से होने वाली ठगी के बारे में समझाते हुए बताया कि साइबर ठग कई बार लोगों को यह कहकर गुमराह करते हैं कि यूपीआई पिन डालने पर आपके खाते में पैसे आएंगे। जबकि वास्तविकता में पिन डालना किसी भुगतान को अधिकृत करता है और इससे खाते से पैसे कट सकते हैं।



राजकीय कॉलेज में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित

नारनौंद। राजकीय महाविद्यालय खेड़ी चोपटा में एंटी-ड्रग सेल के तत्वावधान में नशा मुक्त भारत जागरूकता अभियान के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य अनिल कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विभिन्न रचनात्मक पोस्टरों के माध्यम से नशे को कहें ना और नशा मुक्त भारत का प्रभावी संदेश प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में प्रिंका रानी ने प्रथम, खुशबु ने द्वितीय तथा अनिषा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में दिनेश, पिंकी एवं विद्यावती ने निर्णायक मंडल के रूप में भूमिका निभाई। महाविद्यालय के प्राचार्य ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में एंटी-ड्रग सेल का विशेष योगदान रहा।